आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के अंतर्गत स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण अभियान के तहत क्षेत्रीय महिलाओं को प्रोत्साहित करने हेतु कालेज द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

जनता कॉलेज बकेवर इटावा के द्वारा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के अंतर्गत स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण अभियान के तहत क्षेत्रीय महिलाओं को प्रोत्साहित करने हेतु कालेज द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कार्य करने वाली महिलाओं ने अपने अपने उत्पादों जैसे चिप्स , मिथोड़ी, पापड़, अगरबत्ती, सिरका, टेडी बियर,ढोलक, सूप आदि उत्पादों का प्रदर्शन किया एवं अपने उत्पादों के बारे में वहां उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जय दुर्गे मां स्वयं सहायता समूह बकेवर देहात , गुलाब स्वयं सहायता समूह बकेवर देहात, अंबेडकर स्वयं सहायता समूह बेरी खेड़ा पुठिया , साईं स्वयं सहायता समूह कीरतपुर , वैष्णो मां स्वयं सहायता समूह बकेवर देहात , आकाश स्वयं सहायता समूह भिटारा , जयगुरुदेव स्वयं सहायता समूह आनेपुर तथा साबरीन स्वयं सहायता समूह कीरतपुर ने सहभागिता की। उक्त अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी व कॉलेज के प्राध्यापक गणों ने सभी समूहों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें और नए नए उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराई तथा समूह के संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु कालेज स्तर पर हर संभव सुझाव एवं सहायता का आश्वासन दिया। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना की एक पहल के अंतर्गत कालेज के प्राध्यापक क्षेत्र के ग्रामों में जाकर समूहों से संपर्क कर उनकी समस्याओं के निराकरण एवं उन्हें सहयोग एवं प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य निरंतर कर रहे हैं जिससे क्षेत्र की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सके वह अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। उक्त कार्यक्रम में कालेज के प्राचार्य डॉक्टर राजेश किशोर त्रिपाठी , डॉक्टर महेश प्रसाद यादव , डॉक्टर अशोक कुमार पांडेय डॉक्टर एम.पी. सिंह, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ इंदु बाला मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए व समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए गए उत्पादों को कालेज के प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उचित मूल्य देकर खरीदा। इस अवसर पर कॉलेज के श्री पवन सक्सेना, आकाश चौधरी, डॉ.संजय विश्वकर्मा, डॉ. संजय चौधरी, डॉ.अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ. डी. एन.सिंह, अश्विनी मिश्र, अजीत अग्निहोत्री, मनोज दीक्षित, सुबोध शुक्ल, शैलेन्द्र गौतम, सुनील शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

जनता कालेज, बकेवर (इटावा)
Janta College Bakewar (Etawah)
(सम्बद्ध छत्रपति शाहू जी महाराज वि.वि.., कानपुर)
''आत्म निर्भर भारत की संकल्पना''
के अन्तर्गत